# वार्ड क्रमांक 27 में चोक हुए नाले, लगा कचरे का ढेर

## सालों से नहीं हुई नालों की सफाई, ढीली पड़ी नगर निगम की कार्यवाही

जूनियर रिपोर्टर

**भोपाल, 15 जुलाई. शहर के कई हिस्सों में बारिश के मौसम में जलभराव के कारण रहवासियों को आये दिन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है.**

कहीं गंदगी है, कही सड़कों के किनारे सीवेज का पानी बह रहा है, तो कहीं नालियां चोक हो चुकी हैं. रहवासियों का कहना है कचरा उठाने गाड़ियां आती हैं, पर नालों की सफाई कभी नहीं होती. शिकायत के बाद भी कोई कारवाही नहीं की जाती है. संजय नगर कोटरा वार्ड क्रमांक 27 में सड़क किनारे कचड़े का ढेर हटते ही वापिस जाता है. शुभ नगर निगम की गाड़ी कचड़ा लेके जाती है और कुछ ही घंटों के बाद सड़क पर कचड़े का ढेर वापिस मिलता है. वार्ड क्रमांक 28 में सड़क किनारे लगभग 20 दिनों से सीवेज में गंदगी बढ़ने के कारण चैंबर से गंदगी सड़क पर बह रही है जिससे रहवासियों को आवागमन में काफी दिक्कत हो रही है. पानी के प्रेशर से सेवीज की सफाई तो होती है पर कुछ दिनों बाद वापस हालत वही होती है. नगर निगम के दरोगा राजेश का कहना है कि अधिकांश सीवेज नालियों के ऊपर दुकानें और घर बने हैं, जिससे उनकी सफाई केवल पानी के प्रेसर से हो पाती है. अन्य कोई उपचार सफाई का नहीं है. यही जमा कचरा बार-बार सीवेज के ब्लॉक होने और गंदगी के बाहर आने का कारण बनता है. उन्होंने बताया कि नगर निगम इस पर कार्य कर रहा है. जल्द ही नई सीवेज की पाइपलाईन डाली जाएगी. जिसके बाद इस समस्या से मुक्ति मिल पाएगी. सड़क किनारे कचरा फैलाने और सीवेज में कचरा डालने वालों की जानकारी पर चालनी कार्रवाई की जाती है, बावजूद इसके लोग कचरा फैलाते हैं.



### मौका देखकर सड़क पर फैंकते हैं कचरा

रहवासी अवधेश का कहना है कि कुछ लोग गाड़ी में कचरा नहीं डालते और रात के समय या मौका देख सड़क पर कचरा फेक देते है जिस पर संगर निगम की तरफ से कोई कार्यवाही नहीं को जाती और कचड़े का ढेर दिन भर लगा रहता है. इस वजह से सड़क से आने जाने में बदबू के कारण समस्या होती है और गंदगी फैली रहती है. लीलावती का कहना है कि कचरे की गाड़ी कभी आती है, तो कभी नहीं आती जिस वजह से भी कई बार कचरे का ढेर सड़क किनारे इकट्ठा हो जाता है.

# एडीएम गोयल ने सुनी समस्याएं

▸ जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट पहुंचे 138 आवेदक

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 15 जुलाई. कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशन में एडीएम भूपेंद्र गोयल ने मंगलवार को लोगों की समस्याओं को सुना.**

उन्होंने जिलेभर से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं. इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया. जनसुनवाई में आए नागरिकों से 138 आवेदन प्राप्त हुए. इस मौके पर एडीएम अंकुर मेश्राम, डिप्टी कलेक्टर अजय शर्मा, निधि चौकसे एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.



एडीएम भूपेंद्र गोयल ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से बात करते हुए उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया. उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए.

# मापदंडों से अधिक वजन ढो रहे स्कूली बच्चे

▸ कांग्रेस नेताओं ने बच्चों के बैग का किया वजन

▸ शहर में उठा अनावश्यक किताबों की खरीदी का मुद्दा

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 15 जुलाई. मप्र कांग्रेस प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने स्कूली बच्चों के लिए अनावश्यक किताबों की खरीदी का मुद्दा उठाते हुए सवाल खड़े किए हैं.**

मंगलवार को तुलसी नगर स्थित एक निजी स्कूल पहुंचे कांग्रेसी नेताओं ने प्रशासन से कार्यवाही की मांग भी की है. विवेक त्रिपाठी ने बताया कि राजधानी के जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित निजी स्कूल और शासकीय पीएमश्री स्कूल के छात्र ही शासन के निर्धारित मापदंडों से कई गुना अधिक वजन के स्कूल बैग ढोने को मजबूर हैं.



उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे बच्चों के नाजुक कंधों पर अत्यधिक वजन लाद दिया गया है, जिसकी वजह से कई बच्चे पढ़ाई और खेलकूद की उम्र में ही डॉक्टर और अस्पताल के चक्कर लगाने को मजबूर हो रहे हैं.

वहीं डॉ. विक्रम चौधरी का कहना है कि 16 जून से प्रदेश में स्कूल बैग के वजन को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शुरू किया जाने वाला जागरूकता अभियान एक माह बीत जाने के बाद भी केवल कागजों और आदेशों में ही चल रहा है, जमीनी हकीकत में इस पर कोई अमल नहीं हो रहा. उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि शिक्षा माफियाओं ने कमीशन के लालच में सिर्फ निजी स्कूल ही नहीं शासकीय स्कूल को भी निशाना बनाया हुआ है.

## सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने टीकाकरण सेवाओं का किया अवलोकन

**भोपाल.** मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा ने मंगलवार को टीकाकरण सत्रों का अवलोकन किया. फील्ड भ्रमण के दौरान उन्होंने लार्वा सर्वे गतिविधियों का निरीक्षण भी किया. इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 691 पर आयोजित टीकाकरण सत्र पर ड्यू लिस्ट, एमसीपी कार्ड प्रविष्टि, टीकाकृत बच्चों की जानकारी लेकर टीकाकरण सत्यापन किया गया. आंगनवाड़ी केंद्र के बाहर टायर में लार्वा पाए जाने पर लार्वा नष्ट करवाया गया. साथ ही मलेरिया विभाग की टीम को निर्देशित किया गया कि महिला एवं बाल विकास विभाग का सहयोग लेकर समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों को लार्वा फ्री करने की मुहिम चलाई जाए. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में गर्भवती महिलाएं एवं बच्चे नियमित रूप से आते हैं. मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए महिला एवं बाल विकास से समन्वय कर आंगनबाड़ी केंद्रों एवं उसके आसपास सघन लार्वा सर्वे एवं विनिष्टीकरण करने के निर्देश दिए गए हैं.




# 'हमारा यही संदेश, नशा मुक्त बने मध्य प्रदेश'

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 15 जुलाई. मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा नशे से दूरी-है जरूरी विषय पर नशा मुक्ति के लिए एक जन-जागरूकता अभियान शुरू कर दिया गया है.**

यह अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलने वाला है. राजधानी में मंगलवार को जागरूकता रैली भी निकाली गई. रैली में शिक्षण संस्थानों छात्र, एनसीसी, स्काउट गाइड और नगर सुरक्षा समिति के सदस्य शामिल रहे. रैली में छात्रों के हाथों में नशा मुक्ति हेतु कई बैनर थे. जिसमें 'हमारा यही है संदेश, नशा मुक्त बनाना है मध्य प्रदेश' जैसे कई नारे लिखे थे. उक्त कार्यक्रम पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र द्वारा पुलिस कमिश्नर कार्यालय से ज़न जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. जन जागरुकता रैली कमिश्नर कार्यालय से प्रारम्भ होकर रोशनपुरा चौराहे तक आयोजित की गई, जिसमें नगर सुरक्षा समिति, शक्ति समिति, सृजन के बालक-बालिका, पुलिस बल तथा गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए. डीजीपी ने बताया कि वर्तमान में समाज के युवा और अन्य नशे का शिकार होकर खुद को खोखला कर रहे है.



## सड़क पर गड्ढा बना खतरा

**भोपाल.** नर्मदा अस्पताल से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन की ओर आने वाले मार्ग पर बड़ा गड्ढा हुआ है. दोपहिया और चार पहिया वाहन चालकों का अक्सर यहां से गुजरना होता. जिससे कि यहां पर दुर्घटनाएं होने की आशंका बढ जाती है.



# बुनियादी सुविधाओं की कमी

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 15 जुलाई. शबरी नगर में बदहाल स्थिति और जनसमस्याओं को लेकर धरना दिया गया.**

मंगलवार को आम आदमी पार्टी भोपाल की ओर से एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना आयोजित किया गया. पार्टी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों की बड़ी आगीदारी के साथ यह धरना वार्ड की जमीनी समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखने के लिए किया गया. आप नेताओं ने इस मौके पर कहा कि शबरी नगर में सड़कें जर्जर एवं कच्ची है. शिक्षा के लिए प्राथमिक विद्यालय का न होना, नालियों की सफाई, स्ट्रीट लाइट एवं सुरक्षा का अभाव, स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव, सार्वजनिक शौचालयों का अभाव, पार्क एवं सार्वजनिक स्थल का न होना और आवास के आवंटन को अधिकृत नहीं किए जाने के मुद्दे को लेकर धरना दिया गया है.

# निगम अमले ने गैस से काटे लोहे के एंगल

**भोपाल, 15 जुलाई. नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि से अतिक्रमणों को हटाने तथा अवैध निर्माणों को तोड़ने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है.**

इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने सीएम हेल्प लाईन, कॉल सेंटर व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निवारण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए अवैध गेट, फर्शियां, छप्पर, दीवार, चबूतरे, बोर्ड आदि तोड़ने, हटाने के साथ ही दुकानों के बाहर रखा सामान, आवागमन में बाधक वाहन, ठेले, सब्जी, बिरयान आदि की दुकाने व भवन निर्माण सामग्री हटवाई और ठेले, कैरेट, बोर्ड, हरी नेट, छतरियां, फावडा, पन्नी इलेक्ट्रिक काटा आदि जप्त किए.

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने मंगलवार को कोलार सौम्या चैराहे, ललिता नगर मार्केट, बीमाकुंज, चूना भट्टी, शाहपुरा सी-सेक्टर, जवाहर चैक, सरस्वती नगर, बागसेवनिया, 80 फिट ओम नगर, एमपी नगर, बोर्ड ऑफिस, लिंक रोड नंबर 1, 2 एवं 3, नेहरू नगर, नीलबड़, अयोध्या बायपास, आज़ाद नगर, रायसेन रोड, इन्द्रपुरी टी पाईंट, अशोका गार्डन से मण्डी चैराहे तक, करोंद मण्डी गेट, टीला जमालपुरा, बरखेड़ी, जहांगीराबाद, चार बत्ती चैराहा, एल.बी.एस हॉस्पिटल, सीटीओ, बैरागढ़ आदि क्षेत्रों के सड़कों, फुटपाथों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अतिक्रमणों को हटाते हुए कोलार चूना भट्टी क्षेत्र में अवैध रूप से लगे 3 गेट, नेहरू नगर क्षेत्र में अवैध रूप से बना 1 छप्पर, टीला जमालपुरा क्षेत्र में रास्ते पर पडा कबाड़े का सामान तथा बरखेड़ी क्षेत्र में 1 मकान के सामने बना अवैध रूप से बना चबूतरा हटाया.

निगम अमले ने अयोध्या बायपास स्थित आजाद नगर क्षेत्र में आवागमन में बाधित 10 दो पहिया वाहन भी हटवाये और 9 ठेले, 29 कैरेट, 14 हरी नेट, 20 छतरियां, 7 पन्नियां, 1 फावड़ा व 1 इलेक्ट्रिक काटा सहित अन्य प्रकार का सामान जप्त किया. निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने जोन क्र. 20 के सहायक यंत्री द्वारा की जा रही कार्यवाही में सहयोग करते हुए 1 मकान की छत पर अवैध रूप से बनी 3 दीवारे भी तोड़ी.

## कलेक्टर सिंह ने किया बैरसिया क्षेत्र का दौरा

**भोपाल.** कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को बैरसिया अनुभाग का दौरा किया. यहां बाढ़ नियंत्रण से संबंधित व्यवस्थाओं की विस्तारपूर्वक कलेक्टर ने समीक्षा की. उन्होंने सर्वप्रथम अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैरसिया के कार्यालय पहुंचकर सुरक्षा उपायों की जानकारी ली और बाढ़ से निपटने हेतु प्रशासन की तैयारियों का जायज़ा लिया. इस अवसर पर कलेक्टर ने अनुभाग बैरसिया में तैनात एसडीआरएफ टीम के सदस्यों से भेंट की तथा उनके पास मौजूद बाढ़ नियंत्रण और अनुरक्षण से जुड़े संसाधनों की जानकारी प्राप्त की.

**बैठक** ▸ गोविंदपुरा विधायक की अध्यक्षता में बैठक

# सिविल हॉस्पिटल में रोगी कल्याण समिति का गठन



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 15 जुलाई. सिविल हॉस्पिटल गोविंदपुरा में हताईखेड़ाखेड़ा में रोगी कल्याण समिति की स्थापना और संचालन को लेकर मंगलवार को बैठक की गई.**

रोगी कल्याण समिति साधारण सभा बैठक की अध्यक्षता मंत्री कृष्णा गौर ने की. बैठक में रोगी कल्याण समिति का गठन कर पंजीयन एवं खाता खुलवाने की स्वीकृति प्रदान की गई. बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्री एवं विधायक कृष्णा गौर ने कहा कि अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करते हुए इसे आदर्श चिकित्सालय के रूप में विकसित किया जाए. अस्पताल में कुर्सी, टेबल एवं अन्य फर्नीचर की व्यवस्था सीएसआर फंड द्वारा कराई जाए. गौर ने बायोमेडिकल वेस्ट कलेक्शन कक्ष का निर्माण रोगी कल्याण समिति मद से कराए जाने के निर्देश दिए. गौर ने इस मौके पर कहा कि मेडिकल छात्रों को इंटर्नशिप के लिए इस अस्पताल से जोड़ा जाए ताकि अस्पताल में अतिरिक्त मानव संसाधन और विद्यार्थियों को भी व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो सके.

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि वर्तमान में 100 बिस्तर वाले अस्पताल में 11 चिकित्सा अधिकारी, 20 नर्सिंग ऑफिसर, 3 लैब टेक्नीशियन, 2 एक्स रे टेक्निशियन, 3 फार्मासिस्ट और 20 आउटसोर्स कर्मचारी सेवाएं दे रहे हैं. भविष्य में यहां अतिरिक्त स्टाफ, अत्याधुनिक संसाधनों और सुविधाओं की उपलब्धता करवाए जाने के प्रयास किया जा रहे हैं.


